प्रश्न-पुस्तिका क्रम संख्या /Question Booklet No.

5113057

**2324**

# POLITICAL SCIENCE

**Series**

**A**

A

परीक्षार्थी अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write Roll No. in the given boxes. → अनुक्रमांक **Roll No.**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : **40**

कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : **150**

समय/Time : **3 घण्टे/Hours**

पूर्णांक/Total Marks : **600**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस प्रश्न-पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें, कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो। यदि ऐसा है, तो वीक्षक से तत्काल सम्पर्क कर प्रश्न-पुस्तिका बदल लेवें।
2. इस प्रश्न-पुस्तिका में **राजनीति विज्ञान** से संबंधित कुल **150** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न हिन्दी तथा अंग्रेज़ी भाषा में हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रदत्त उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तदनुसार अंकित करें।
4. कृपया उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्यत्र स्थानों पर नहीं।
5. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठों पर निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं।
6. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. Immediately after the commencement of the examination, you should check that this Question Booklet does not have any unprinted or torn or missing pages or items etc. If so, immediately contact the Invigilator and get it replaced with another Question Booklet.
2. This Question Booklet contains total **150** questions of **Political Science**. All questions are in Hindi and English languages. **All** questions are compulsory.
3. Read carefully the instructions given on the Answer Sheet (OMR Sheet) supplied and indicate your answers accordingly.
4. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) at the places indicated and nowhere else.
5. Examinee should do all rough work on the space meant for rough work on pages given at the end of the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).
6. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard.

SEAL

1. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची I | | सूची II |
|---|---|---|
| (i) महाड़ सत्याग्रह | 1. | महात्मा गाँधी |
| (ii) दी सिंथेसिस ऑफ योगा | 2. | सावरकर |
| (iii) अभिनव भारत | 3. | अंबेडकर |
| (iv) राष्ट्रपिता | 4. | अरबिंदो घोष |

**कूट :**

(A) (i)-1, (ii)-3, (iii)-4, (iv)-2
(B) (i)-4, (ii)-3, (iii)-1, (iv)-2
(C) (i)-3, (ii)-4, (iii)-2, (iv)-1
(D) (i)-1, (ii)-4, (iii)-2, (iv)-3

2. किस मध्यकालीन राजनीतिक चिंतक ने विधि को 'सामान्य हित के लिए विवेक का अध्यादेश' के रूप में परिभाषित किया है ?

(A) संत ऑगस्टाइन
(B) संत थॉमस एक्विनास
(C) मार्सिलियस ऑफ पडुआ
(D) सिसरो

3. मध्यकाल में व्यक्ति के निम्नलिखित में से किस लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक होने की क्षमता के कारण चर्च को राज्य से श्रेष्ठ माना जाता था ?

(A) नैसर्गिक लक्ष्य
(B) सामयिक लक्ष्य
(C) अलौकिक लक्ष्य
(D) स्थानिक लक्ष्य

4. निम्नलिखित में से किस सिद्धांतकार की रचनाओं को राजनीतिक सिद्धांत को पुनर्जीवित करने में सहायक माना जाता है ?

(A) डेविड ईस्टन
(B) लियो स्ट्रॉस
(C) अल्फ्रेड कोब्बन
(D) सी.बी. मैकफर्सन

5. किस प्रकाशन को "व्यवहारवाद का घोषणा-पत्र" माना जाता है ?

(A) सकारात्मक दर्शन का परिचय (कॉम्टे)
(B) राजनीतिक प्रणाली : राजनीति विज्ञान की स्थिति की जाँच (डेविड ईस्टन)
(C) राजनीति का नया विज्ञान (वोगेलिन)
(D) उपसंहार (लियो स्ट्रॉस)

6. निम्नलिखित में से किसने लोकतंत्र को एक ऐसी व्यवस्था के रूप में समझा, जो व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास की अनुमति देता है ?

(A) जे.एस. मिल
(B) टी.एच. ग्रीन
(C) चार्ल्स मेरियम
(D) जॉर्ज कैटलिन

7. जे.एस. मिल के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा "स्वतंत्रता को सीमित करने का सिद्धांत" है ?

(A) स्वयं को नुकसान
(B) दूसरों को नुकसान
(C) आक्रामकता
(D) हानिरहित ग़लत कार्य

8. द्वितीय पंचवर्षीय योजना के मुख्य वास्तुकार कौन थे, जिसके कारण भारत में तेजी से औद्योगिकीकरण हुआ ?

(A) एम. विश्वेश्वरैया
(B) पी.सी. महालनोबिस
(C) एस. राधाकृष्णन
(D) सी.डी. देशमुख

9. किसके न्याय के सिद्धांत में "अंतर सिद्धांत" की अवधारणा है ?

(A) जॉन रॉल्स
(B) रॉबर्ट नोज़िक
(C) अमर्त्य सेन
(D) हायेक

1. Match List I with List II and select the correct answer from the codes given below :

| List I | | List II | |
|---|---|---|---|
| (i) | Mahad Satyagraha | 1. | Mahatma Gandhi |
| (ii) | The Synthesis of Yoga | 2. | Savarkar |
| (iii) | Abhinav Bharat | 3. | Ambedkar |
| (iv) | Father of Nation | 4. | Aurobindo Ghose |

**Codes :**

(A) (i)-1, (ii)-3, (iii)-4, (iv)-2

(B) (i)-4, (ii)-3, (iii)-1, (iv)-2

(C) (i)-3, (ii)-4, (iii)-2, (iv)-1

(D) (i)-1, (ii)-4, (iii)-2, (iv)-3

2. Which medieval political thinker defines law as 'an ordinance of reason for the common good' ?

(A) St. Augustine

(B) St. Thomas Aquinas

(C) Marsilius of Padua

(D) Cicero

3. The Church was considered superior to State in the medieval times due to its capability of securing which of the following ends of man ?

(A) Natural end

(B) Temporal end

(C) Supernatural end

(D) Spatial end

4. The works of which of the following theorists are considered to have helped in the revival of the political theory ?

(A) David Easton

(B) Leo Strauss

(C) Alfred Cobban

(D) C.B. Macpherson

5. Which publication is considered as "Behaviouralism's Manifesto" ?

(A) Introduction to Positive Philosophy (Comte)

(B) The Political System : An Inquiry into the State of Political Science (David Easton)

(C) The New Science of Politics (Voegelin)

(D) An Epilogue (Leo Strauss)

6. Who of the following understood democracy as a system which allows for the development of an individual's personality ?

(A) J.S. Mill

(B) T.H. Green

(C) Charles Merriam

(D) George Catlin

7. Which one of the following is a "liberty limiting principle" according to J.S. Mill ?

(A) Harm to self

(B) Harm to others

(C) Offensiveness

(D) Harmless wrong doing

8. Who was the chief architect of the Second Five-Year Plan, which led to rapid industrialization in India ?

(A) M. Visvesvaraya

(B) P.C. Mahalanobis

(C) S. Radhakrishnan

(D) C.D. Deshmukh

9. Whose theory of justice propounds the "Difference Principle" ?

(A) John Rawls

(B) Robert Nozick

(C) Amartya Sen

(D) Hayek

10. राजनीतिक संस्कृति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. यह राजनीति के प्रति व्यक्तिगत दृष्टिकोण और झुकाव का एक तरीका है।
2. राजनीतिक संस्कृति मूल्यों से संबंधित नहीं है।
3. राजनीतिक संस्कृति राजनीतिक विरोध के विभिन्न तरीकों की व्याख्या करती है।
4. राजनीतिक संस्कृति समस्या-समाधान के प्रति लोगों के झुकाव को दर्शाती है।

सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल 1, 2 और 3 सही हैं

(B) केवल 2, 3 और 4 सही हैं

(C) केवल 1, 3 और 4 सही हैं

(D) केवल 1, 2 और 4 सही हैं

11. नीचे दो कथन दिए गए हैं :

**कथन I :** गेब्रियल आलमंड ने "राजनीतिक सामाजीकरण" शब्द गढ़ा।

**कथन II :** आल्मंड और पॉवेल जूनियर राजनीतिक सामाजीकरण को एक ऐसी प्रक्रिया के रूप में परिभाषित करते हैं, जिसके द्वारा राजनीतिक संस्कृतियों को बनाए रखा जाता है और बदला जाता है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में, सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II ग़लत है।

(D) कथन I ग़लत है, लेकिन कथन II सही है।

12. फाइनर के अनुसार, शासन के चार रूपों में जनता का कौन-सा मानसिक दृष्टिकोण, शासकों की वैधता का आधार बनता है ?

(A) तर्क, विरोध, समर्थन और उत्साह

(B) डर, श्रद्धा, भावना और प्रज्ञान या हित

(C) आदेश, नियंत्रण, विश्वास और शक्ति

(D) नैतिकता, अनुभव, नेतृत्व और अधिकार

13. आल्मंड और पॉवेल के अनुसार, राजनीतिक विकास की विशेषता के विषय में क्या सही है ?

1. राजनीतिक व्यवस्था स्वायत्तता
2. उप-व्यवस्था स्वायत्तता
3. भूमिका विभिन्नीकरण
4. लौकिकीकरण

सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल 1, 2 और 3 सही हैं

(B) केवल 2, 3 और 4 सही हैं

(C) केवल 1, 3 और 4 सही हैं

(D) केवल 1, 2 और 4 सही हैं

14. लियोनार्ड बाइंडर के अनुसार, राजनीतिक विकास की अवधारणा का तात्पर्य है :

1. संकीर्ण पहचान से सामाजिक पहचान में परिवर्तन
2. अभिजात-वर्ग की राजनीतिक भागीदारी से जन राजनीतिक भागीदारी में परिवर्तन
3. स्थिति-आधारित वितरण से उपलब्धि-आधारित वितरण में परिवर्तन
4. धर्म-आधारित पहचान

सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल 1, 2 और 3 सही हैं

(B) केवल 1, 2 और 4 सही हैं

(C) केवल 3 और 4 सही हैं

(D) केवल 2 और 4 सही हैं

**10.** Which of the following statements are correct about political culture ?

1. It is a pattern of individual attitudes and orientations toward politics.
2. Political culture is not related to values.
3. Political culture explains different patterns of political opposition.
4. Political culture denotes people's orientation to problem-solving.

Choose the correct answer :

(A) Only 1, 2 and 3 are correct

(B) Only 2, 3 and 4 are correct

(C) Only 1, 3 and 4 are correct

(D) Only 1, 2 and 4 are correct

**11.** Given below are two statements :

**Statement I :** Gabriel Almond coined the term "Political Socialisation".

**Statement II :** Almond and Powell Jr. define political socialisation as the process by which political cultures are maintained and changed.

In the light of above statements, choose the correct option :

(A) Both Statement I and Statement II are corrrect.

(B) Both Statement I and Statement II are incorrrect.

(C) Statement I is correct, but Statement II is incorrect.

(D) Statement I is incorrect, but Statement II is correct.

**12.** According to Finer, which mental attitude of people forms the basis of the legitimacy of rulers in the four forms of governance ?

(A) Argument, Opposition, Support and Enthusiasm

(B) Fear, Faith, Emotion and Wisdom or Interest

(C) Command, Control, Trust and Power

(D) Morality, Experience, Leadership and Authority

**13.** What is correct about the characteristics of Political Development according to Almond and Powell ?

1. Political System Autonomy
2. Sub-system Autonomy
3. Role Differentiation
4. Secularisation

Choose the correct answer :

(A) Only 1, 2 and 3 are correct

(B) Only 2, 3 and 4 are correct

(C) Only 1, 3 and 4 are correct

(D) Only 1, 2 and 4 are correct

**14.** According to Leonard Binder, the concept of political development implies :

1. Change of identity from parochial to societal
2. Change from elite political participation to mass political participation
3. Change from status-based distribution to achievement-based distribution
4. Religion-based identity

Choose the correct answer :

(A) Only 1, 2 and 3 are correct

(B) Only 1, 2 and 4 are correct

(C) Only 3 and 4 are correct

(D) Only 2 and 4 are correct

15. मध्य प्रदेश का निम्नलिखित में से कौन-सा जिला नक्सलवाद से प्रभावित ***नहीं*** है ?

(A) बालाघाट

(B) मंडला

(C) सीधी

(D) विदिशा

16. मध्य प्रदेश में वर्ष 2021 – 2022 की तुलना में 2023 – 2024 में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए आबंटित बजट में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ?

(A) 45

(B) 50·42

(C) 48·33

(D) 28·65

17. मध्य प्रदेश सहित नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के मुख्य मंत्रियों की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री के दिए गए निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई अपने अंतिम चरण में है।
2. उन्होंने नक्सल प्रभावित राज्यों के सभी मुख्य मंत्रियों से हर महीने माओवादी विरोधी अभियानों की समीक्षा करने को कहा।

उपर्युक्त कथन कब और कहाँ दिए गए ?

(A) भोपाल – 15 जनवरी, 2025

(B) रायपुर – 7 जनवरी, 2025

(C) नई दिल्ली – 7 अक्टूबर, 2025

(D) हैदराबाद – 2 अक्टूबर, 2024

18. भारतीय संविधान की __________ अनुसूची में __________ विषय हैं जिन पर नगरपालिकाओं को विधि बनाने की शक्ति प्रदान की गई है।

(A) 12वीं – 18

(B) 11वीं – 18

(C) 12वीं – 29

(D) 11वीं – 27

19. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची I (18वीं लोक सभा में मध्य प्रदेश से संसद सदस्य) | | सूची II (संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का नाम) |
|---|---|---|---|
| (i) | श्रीमती संध्या राय | 1. | सागर |
| (ii) | श्रीमती लता वानखेड़े | 2. | शहडोल |
| (iii) | श्रीमती हिमाद्री सिंह | 3. | बालाघाट |
| (iv) | श्रीमती भारती पारधी | 4. | भिंड |

**कूट :**

(A) (i)-4, (ii)-3, (iii)-2, (iv)-1

(B) (i)-4, (ii)-1, (iii)-2, (iv)-3

(C) (i)-1, (ii)-2, (iii)-3, (iv)-4

(D) (i)-2, (ii)-3, (iii)-4, (iv)-1

20. बच्चों के समग्र विकास के लिए मध्य प्रदेश शासन ने वित्तीय वर्ष __________ में 'चाइल्ड बजटिंग' शुरू की है।

(A) 2023 – 2024

(B) 2019 – 2020

(C) 2020 – 2021

(D) 2022 – 2023

21. 'मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना' के तहत पात्र महिलाओं को वर्तमान में कितनी मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है ?

(A) INR 500

(B) INR 1,250

(C) INR 1,500

(D) INR 2,000

22. मध्य प्रदेश में 'मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना' किस वर्ष शुरू की गई थी ?

(A) 2019

(B) 2020

(C) 2021

(D) 2022

15. Which of the following district of Madhya Pradesh is ***not*** affected by Naxalism ?

(A) Balaghat

(B) Mandla

(C) Sidhi

(D) Vidisha

16. What percentage increase was there in the budget allocated for the welfare of Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes in Madhya Pradesh in the year 2023 – 2024 as compared to the year 2021 – 2022 ?

(A) 45

(B) 50·42

(C) 48·33

(D) 28·65

17. Consider the following statements of the Union Home Minister in the meeting of Chief Ministers of Naxal affected areas including Madhya Pradesh :

1. The fight against Naxalism is in its final phase.
2. He told the Chief Ministers of all Naxal affected states to review anti-Maoist operations once a month.

When and where were the above statements given ?

(A) Bhopal – 15th January, 2025

(B) Raipur – 7th January, 2025

(C) New Delhi – 7th October, 2025

(D) Hyderabad – 2nd October, 2024

18. In the _____ Schedule of the Indian Constitution, there are _____ subjects on which municipalities have been given the power to make laws.

(A) 12th – 18

(B) 11th – 18

(C) 12th – 29

(D) 11th – 27

19. Match List I with List II and select the correct answer from the codes given below :

| List I (Member of Parliament from Madhya Pradesh in the 18th Lok Sabha) | List II (Name of the Parliamentary Constituency) |
|---|---|
| (i) Smt. Sandhya Rai | 1. Sangar |
| (ii) Smt. Lata Wankhede | 2. Shahdol |
| (iii) Smt. Himadri Singh | 3. Balaghat |
| (iv) Smt. Bharati Pardhi | 4. Bhind |

**Codes :**

(A) (i)-4, (ii)-3, (iii)-2, (iv)-1

(B) (i)-4, (ii)-1, (iii)-2, (iv)-3

(C) (i)-1, (ii)-2, (iii)-3, (iv)-4

(D) (i)-2, (ii)-3, (iii)-4, (iv)-1

20. Madhya Pradesh Government started 'Child Budgeting' in financial year __________ for the overall development of children.

(A) 2023 – 2024

(B) 2019 – 2020

(C) 2020 – 2021

(D) 2022 – 2023

21. Under the 'Mukhyamantri Ladli Behna Yojana', what is the current monthly financial assistance provided to eligible women ?

(A) INR 500

(B) INR 1,250

(C) INR 1,500

(D) INR 2,000

22. 'Mukhyamantri Ration Aapke Dwar Yojana' was launched in which year in Madhya Pradesh ?

(A) 2019

(B) 2020

(C) 2021

(D) 2022

23. "मनोबल व्यक्तियों के सामूहिक लक्ष्य की खोज में धैर्य के साथ एवं लगातार एकसाथ चलने की क्षमता है।" यह कथन किसका है ?

(A) मैक्स वेबर

(B) अलेक्ज़ेण्डर ए. लेटन

(C) जॉन ए. वीग

(D) विलोबी

24. किसने संचार को 'व्यक्तियों के मध्य अर्थपूर्ण अन्त:क्रिया की प्रक्रिया के रूप में' परिभाषित किया है ?

(A) लॉरेंस एप्पले

(B) लूथर गुलिक

(C) ए.डी. गोरवाला

(D) डाल्टन मैकफारलैंड

25. निम्नलिखित में से किस लेखक ने 'परामर्शात्मक नेतृत्व' का विचार दिया है ?

(A) चेस्टर बर्नार्ड

(B) अब्राहम मास्लो

(C) रेंसिस लिकर्ट

(D) डगलस मैकग्रेगर

26. "पदोन्नति पदाधिकारी के एक पद से ऐसे दूसरे पद पर पहुँचने की ओर संकेत करती है, जो उच्चतर श्रेणी या उच्चतर न्यूनतम वेतन वाला होता है। पदोन्नति का अभिप्राय है कर्मचारी के कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों में वृद्धि कर देना।" यह कथन किसका है ?

(A) एल.डी. व्हाइट

(B) विलियम जी. टॉर्पी

(C) प्रॉक्टर

(D) ई.एन. ग्लैडन

27. निम्नलिखित में से कौन भारत में मुख्य कार्यकारी अधिकारी है ?

(A) राष्ट्रपति

(B) प्रधान मंत्री

(C) भारत के मुख्य न्यायाधीश

(D) लोक सभा अध्यक्ष

28. निम्नलिखित में से कौन-सा स्टाफ एजेंसियों का काम ***नहीं*** है ?

(A) योजना

(B) लक्ष्य की प्राप्ति

(C) परामर्श

(D) तथ्य-प्राप्ति

29. भारत में सबसे पहले किसने लोक सेवकों के प्रशिक्षण की आवश्यकता का अनुभव किया ?

(A) श्री अशोक चन्द्रा

(B) प्रेसीडेन्ट जॉनसन

(C) लॉर्ड वेलेजली

(D) वारेन हेस्टिंग्स

30. "भर्ती लोक कर्मचारियों के सम्पूर्ण ढाँचे की आधारशिला है।" यह कथन किसका है ?

(A) प्रो. एल.डी. व्हाइट

(B) स्टाल

(C) डिमॉक

(D) जे. डोनाल्ड किंग्सले

31. चेस्टर बर्नार्ड के अनुसार, कार्यकारी अधिकारी के कार्यों में सम्मिलित ***नहीं*** है :

(A) संचार कायम रखना

(B) सांगठनिक उद्देश्यों का निर्धारण

(C) अनौपचारिक परिघटना के विकास पर रोक लगाना

(D) व्यक्तियों से आवश्यक सेवाएँ प्राप्त करना

23. "Morale is the capacity of a group of people to pull together persistently and consistently in pursuit of a common purpose." This statement is given by :

(A) Max Weber
(B) Alexander A. Leighton
(C) John A. Vieg
(D) Willoughby

24. Who has defined communication 'as the process of meaningful interaction among human beings' ?

(A) Lawrence Appley
(B) Luther Gulick
(C) A.D. Gorwala
(D) Dalton McFarland

25. Which of the following authors has given the idea of 'consultative leadership' ?

(A) Chester Barnard
(B) Abraham Maslow
(C) Rensis Likert
(D) Douglas McGregor

26. "Promotion refers to the movement of an employee from one position to another position having a higher grade or a higher minimum salary. A promotion involves increased duties and responsibilities for the employee." This statement is given by :

(A) L.D. White
(B) William G. Torpey
(C) Procter
(D) E.N. Gladden

27. Who of the following is the Chief Executive in India ?

(A) The President
(B) The Prime Minister
(C) The Chief Justice of India
(D) The Speaker of the Lok Sabha

28. Which one of the following is ***not*** a function of staff agencies ?

(A) Planning
(B) Achieving goals
(C) Advising
(D) Fact-finding

29. Who first realised the need for training for Public Servants in India ?

(A) Shri Ashok Chandra
(B) President Johnson
(C) Lord Wellesley
(D) Warren Hastings

30. "Recruitment is the cornerstone of the whole public personnel structure." This statement is given by :

(A) Prof. L.D. White
(B) Stahl
(C) Dimock
(D) J. Donald Kingsley

31. According to Chester Barnard, the functions of executive do ***not*** include :

(A) Maintaining communication
(B) Formulating organisational goals
(C) Curbing the growth of informal phenomena
(D) Securing of essential services from individuals

32. किस ऐतिहासिक मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि भारत का राष्ट्रपति कमोबेश ब्रिटिश सम्राट की तरह ही है ?
(A) केशवानंद भारती बनाम स्टेट ऑफ केरल
(B) शमशेर सिंह बनाम स्टेट ऑफ पंजाब
(C) राम जवाया कपूर बनाम स्टेट ऑफ पंजाब
(D) हरगोविंद पंत बनाम रघुकुल तिलक

33. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 51 निम्नलिखित में से किस सिद्धांत पर केंद्रित है ?
(A) मूल अधिकार
(B) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना
(C) केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों का वितरण
(D) सांस्कृतिक और शिक्षा संबंधी अधिकारों का संरक्षण

34. कौन-से संविधान संशोधन अधिनियम में केन्द्रीय मंत्रियों की संख्या को लोक सभा के सदस्यों के 15% तक ही निर्धारित कर दिया ?
(A) 87वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(B) 89वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(C) 91वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(D) 93वाँ संविधान संशोधन अधिनियम

35. भारत में किसी कानून की संवैधानिक वैधता को निम्नलिखित में से किस आधार पर चुनौती ***नहीं*** दी जा सकती है ?
(A) यह इसे पारित करने वाली विधायिका की क्षमता से बाहर है।
(B) यह संविधान के प्रावधानों के विरुद्ध है।
(C) यह मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है।
(D) यह देश के राष्ट्रीय हित के विरुद्ध है।

36. सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन के यंत्र के रूप में भारतीय संविधान की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति इसके किस भाग में व्यक्त होती है ?
(A) भाग-II – नागरिकता
(B) भाग-IV – राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत
(C) भाग-IX – पंचायतें
(D) भाग-XI – केन्द्र और राज्य के मध्य संबंध

37. कॉंग्रेस ने अपने किस अधिवेशन में 'स्वराज संविधान' पर विचार किया था ?
(A) मद्रास, 1927
(B) कलकत्ता, 1928
(C) लाहौर, 1929
(D) कराची, 1931

38. "राजनीतिक संस्कृति में आनुभविक विश्वासों, अभिव्यक्तात्मक प्रतीकों और मूल्यों की वह व्यवस्था सन्निहित है, जो उस परिस्थिति अथवा दशा को परिभाषित करती है, जिसमें राजनीतिक क्रिया संपन्न होती है।"
राजनीतिक संस्कृति के संबंध में उपर्युक्त कथन किसके द्वारा दिया गया है ?
(A) आल्मंड व पॉवेल
(B) लुसियन पाई
(C) सिडनी वर्बा
(D) एरिक रोव

39. राजनीतिक आधुनिकीकरण के संदर्भ में, लर्नर ने किस पुस्तक में 'आधुनिकीकरण को विवेकपूर्ण परिवर्तन की प्रक्रिया' कहा है ?
(A) मॉडर्न पॉलिटिकल थ्योरी (आधुनिक राजनीतिक सिद्धांत)
(B) पासिंग ऑफ ट्रेडिशनल सोसाइटी (पारम्परिक समाज का क्षरण)
(C) पॉलिटिकल मॉडर्नाइज़ेशन (राजनीतिक आधुनिकीकरण)
(D) कम्पेरेटिव पॉलिटिकल एनालिसिस (तुलनात्मक राजनीतिक विश्लेषण)

40. गाँधी-इरविन समझौता, 1931 के अंश के रूप में निम्नलिखित में से कौन-सा वादा महात्मा गाँधी द्वारा ***नहीं*** किया गया था ?
(A) सविनय अवज्ञा आंदोलन का स्थगन
(B) पुलिस ज्यादतियों की जाँच हेतु जोर न देना
(C) ब्रिटिश भारतीय शासन में भारतीयों की सहभागिता
(D) गोलमेज सम्मेलन में कॉंग्रेस की सहभागिता

32. In which of the landmark judgements, the Supreme Court held that the Indian President is more or less like the British King ?
(A) Kesavanand Bharati vs. State of Kerala
(B) Shamsher Singh vs. State of Punjab
(C) Ram Jawaya Kapur vs. State of Punjab
(D) Hargovind Pant vs. Raghukul Tilak

33. Article 51 of the Indian Constitution focuses on which of the following principles ?
(A) Fundamental Rights
(B) Promotion of international peace and security
(C) Distribution of powers between the Centre and the States
(D) Protection of cultural and educational rights

34. Which of the Constitution Amendment Acts put a ceiling of 15% on the number of Union Ministers vis-a-vis the Lok Sabha ?
(A) 87th Constitution Amendment Act
(B) 89th Constitution Amendment Act
(C) 91st Constitution Amendment Act
(D) 93rd Constitution Amendment Act

35. The constitutional validity of a law ***cannot*** be challenged in India on which of the following grounds ?
(A) It is beyond the competence of the legislature passing it.
(B) It is repugnant to the provisions of the Constitution.
(C) It infringes on one of the fundamental rights.
(D) It is against the national interest of the country.

36. The Indian Constitution as an instrument of social and economic change is most eloquently reflected in which of its Parts ?
(A) Part-II – Citizenship
(B) Part-IV – Directive Principles of State Policy
(C) Part-IX – Panchayats
(D) Part-XI – Relations between the Union and the States

37. A 'Swaraj Constitution' was considered by the Congress at which of its sessions ?
(A) Madras, 1927
(B) Calcutta, 1928
(C) Lahore, 1929
(D) Karachi, 1931

38. "Political culture is that system which includes empirical faiths, expressive symbols and values, that define the circumstances and conditions in which political action takes place."

Who has given the above statement regarding political culture ?
(A) Almond and Powell
(B) Lucian Pye
(C) Sidney Verba
(D) Eric Rowe

39. In the context of political modernization, in which book has Lerner said 'Modernization is a process of rational change' ?
(A) Modern Political Theory
(B) Passing of Traditional Society
(C) Political Modernization
(D) Comparative Political Analysis

40. Which one of the following was ***not*** a promise of Mahatma Gandhi as part of the Gandhi-Irwin Pact, 1931 ?
(A) Suspension of Civil Disobedience Movement
(B) Not to press for enquiry into police excesses
(C) Participation of Indians in British Indian Government
(D) Participation of Congress in the Round Table Conference

41. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद महान्यायवादी (अटॉर्नी जनरल) को संसद की कार्यवाही में भाग लेने का अधिकार देता है ?
(A) अनुच्छेद 84
(B) अनुच्छेद 85
(C) अनुच्छेद 86
(D) अनुच्छेद 88

42. निम्नलिखित में से किसका मत है कि भारत सहायक एकात्मक विशेषताओं के साथ एक संघीय राज्य के बजाय सहायक संघीय विशेषताओं के साथ एक एकात्मक राज्य है ?
(A) के.सी. व्हेयर
(B) डी.डी. बसु
(C) डी.एन. बनर्जी
(D) डब्ल्यू.टी. वेगनर

43. स्वतंत्र प्रभार के राज्य मंत्री को कार्यों का आबंटन, निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया जाता है ?
(A) उपराष्ट्रपति
(B) प्रधान मंत्री
(C) कैबिनेट मंत्री
(D) लोक सभा अध्यक्ष

44. निम्नलिखित में से किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि संसद को मौलिक अधिकारों से संबंधित प्रावधानों में संशोधन का अधिकार ***नहीं*** है ?
(A) गोलकनाथ मामला
(B) केशवानंद भारती मामला
(C) मिनर्वा मिल्स मामला
(D) आई.आर. कोल्हो मामला

45. संघात्मक (Federal) होने के बावजूद भारत को एक संघ (Union) के रूप में वर्णित करने का संकेत निम्नलिखित में से किस संविधान से लिया गया है ?
(A) अमेरिकी संविधान
(B) दक्षिण अफ्रीकी संविधान
(C) फ्रांसीसी संविधान
(D) कनाडाई संविधान

46. एफ.डब्ल्यू. टेलर द्वारा किए गए प्रयोगों का उद्देश्य था :
(A) श्रमिकों की अभिप्रेरणा को समझना
(B) मानसिक क्रांति की प्रक्रिया को समझना
(C) विशिष्ट कार्यों को पूरा करने का सर्वोत्तम तरीका खोजना
(D) संगठन में मानव व्यवहार को समझना

47. निम्नलिखित में से किसे "अज्ञात साम्राज्य" की संज्ञा दी जाती है ?
(A) राजनीतिक दल
(B) विपक्षी दल
(C) दबाव समूह
(D) क्षेत्रीय दल

48. भारत में दलविहीन लोकतंत्र के सबसे बड़े पुरोधा निम्नलिखित में से कौन थे ?
(A) श्री अरबिंदो
(B) के.एम. मुंशी
(C) जयप्रकाश नारायण
(D) आचार्य नरेन्द्र देव

49. भारत के संविधान के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा निर्वाचन आयोग का एक कार्य ***नहीं*** है ?
(A) चुनावों का अधीक्षण
(B) चुनावों का निर्देशन
(C) चुनावों का अधिनिर्णयन
(D) चुनावों का नियंत्रण

50. निम्नलिखित में से किसने लोक प्रशासन को "सरकार का क्रियाशील भाग, वह साधन जिसके द्वारा सरकार के उद्देश्यों और लक्ष्यों को प्राप्त किया जाता है", के रूप में परिभाषित किया है ?
(A) एफ.डब्ल्यू. टेलर
(B) कॉर्सन और हैरीस
(C) वुडरो विल्सन
(D) एल्टन मेयो

41. Which Article of the Indian Constitution empowers the Attorney General to take part in the proceedings of the Parliament ?
(A) Article 84
(B) Article 85
(C) Article 86
(D) Article 88

42. Who of the following holds that India is a unitary state with subsidiary federal features rather than a federal state with subsidiary unitary features ?
(A) K.C. Wheare
(B) D.D. Basu
(C) D.N. Banerjee
(D) W.T. Wagner

43. Allocation of work to a Minister of State with independent charge is done by who of the following ?
(A) The Vice President
(B) The Prime Minister
(C) The Cabinet Minister
(D) The Speaker of the Lok Sabha

44. In which of the following judgements, the Supreme Court held that the Parliament has ***no*** power to amend the provisions on fundamental rights ?
(A) Golaknath Case
(B) Kesavanand Bharati Case
(C) Minerva Mills Case
(D) I.R. Coelho Case

45. The clue for describing India as a Union despite being a Federation is taken from which of the following Constitutions ?
(A) American Constitution
(B) South African Constitution
(C) French Constitution
(D) Canadian Constitution

46. The experiments conducted by F.W. Taylor were intended to :
(A) Understand the motivation of workers
(B) Understand the process of mental revolution
(C) Discover the best way to carry out specific tasks
(D) Understand the human behaviour in the organisation

47. Which of the following is named as the "Anonymous Empire" ?
(A) Political party
(B) Opposition party
(C) Pressure group
(D) Regional party

48. Who of the following was the most ardent champion of partyless democracy in India ?
(A) Sri Aurobindo
(B) K.M. Munshi
(C) Jayaprakash Narayan
(D) Acharya Narendra Dev

49. Which of the following is ***not*** a function of the Election Commission as per the Constitution of India ?
(A) Superintendence of elections
(B) Direction of elections
(C) Adjudication of elections
(D) Control of elections

50. Who among the following has defined Public Administration as "the action part of Government, the means by which the purposes and goals of Government are realised" ?
(A) F.W. Taylor
(B) Corson and Harris
(C) Woodrow Wilson
(D) Elton Mayo

51. नियंत्रण के क्षेत्र के सिद्धांत का अर्थ है :
(A) किसी कर्मचारी को केवल एक उच्च अधिकारी से आदेश प्राप्त करना चाहिए
(B) अधीनस्थ के ऊपर उच्च अधिकारी का नियंत्रण या पर्यवेक्षण
(C) नियंत्रित किए जा रहे लोगों की संख्या
(D) अधीनस्थ कर्मचारियों की वह संख्या, जिसे प्रशासक व्यक्तिगत रूप से निर्देशित कर सकता हो

52. 'द इंटेलेक्चुअल क्राइसिस इन अमेरिकन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन' के लेखक कौन हैं ?
(A) वुडरो विल्सन
(B) हर्बर्ट साइमन
(C) जॉर्ज एफ. गैंट
(D) विन्सेंट ऑस्ट्रॉम

53. नौकरशाही की व्यवहारवादी विशेषताएँ हैं :
(A) तार्किकता व भूमिका-विशेष
(B) भूमिका-विशेष व अवैयक्तिकता
(C) अवैयक्तिकता व नियम-उन्मुखता
(D) तार्किकता व नियमों की व्यवस्था

54. मिनोब्रुक सम्मेलन III, 2008 के प्रमुख विषय हैं :
(A) मूल्य, प्रासंगिकता, समता और परिवर्तन
(B) पारदर्शिता, जवाबदेही और विकेंद्रीकरण
(C) बहु-विषयक, नेटवर्क-युक्त और सहयोगी शासन
(D) योग्यता, तटस्थता और निष्पक्षता

55. शास्त्रीय सिद्धांत का मुख्य सरोकार है :
1. औपचारिक संगठन से
2. मुक्त प्रणाली से
3. संगठन के सिद्धांतों से
4. संगठन और बाहर के वृहत्तर समाज में अलगाव से

सही उत्तर का चयन कीजिए :
(A) केवल 1, 3 और 4 सही हैं
(B) 1, 2, 3 और 4 सही हैं
(C) केवल 2, 3 और 4 सही हैं
(D) केवल 1, 2 और 4 सही हैं

56. "कोई भी उच्च अधिकारी पाँच या अधिकतम छह से अधिक ऐसे अधीनस्थों के काम का सीधे पर्यवेक्षण नहीं कर सकता है, जिनका काम आपस में जुड़ा हो।" यह कथन किसका है ?
(A) एल.एफ. उरविक
(B) हेनरी फेयोल
(C) लूथर गुलिक
(D) जे.डी. मूनी

57. निम्नलिखित में से किसने सत्ता को सर्वोच्च समन्वयकारी शक्ति बताया है ?
(A) कार्ल मार्क्स
(B) एफ.डब्ल्यू. रिग्स
(C) मैक्स वेबर
(D) जे.डी. मूनी

58. "पदसोपान संगठन के ढाँचे में ऊपर से लेकर नीचे तक उत्तरदायित्व के अनेक सोपानों द्वारा उच्च तथा अधीनस्थ सम्बन्धों का सार्वभौमिक प्रयोग ही है"। यह कथन किसका है ?
(A) हेनरी फेयोल
(B) लूथर गुलिक
(C) एल.डी. व्हाइट
(D) फ्रेड रिग्स

59. संगठन को सहकारी व्यवस्था कौन मानता है ?
(A) मैक्स वेबर
(B) चेस्टर बर्नार्ड
(C) कार्ल मार्क्स
(D) वुडरो विल्सन

60. "सरकारी निगम वह सरकारी उद्यम है जिसकी स्थापना किसी निश्चित व्यापार को चलाने अथवा वित्तीय उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए संघीय, राज्य अथवा स्थानीय कानून के द्वारा की गई है।" यह कथन किसका है ?
(A) एल.डी. व्हाइट
(B) एफ.एम. मार्क्स
(C) मार्शल ई. डिमॉक
(D) फेरल हेडी

51. The principle of span of control means :
(A) An employee should receive orders from one superior officer only
(B) The control or supervision of the superior officer over the subordinate
(C) The number of people being controlled
(D) The number of subordinate employees that an administrator can personally direct

52. Who is the author of 'The Intellectual Crisis in American Public Administration' ?
(A) Woodrow Wilson
(B) Herbert Simon
(C) George F. Gant
(D) Vincent Ostrom

53. The behavioural characteristics of bureacracy are :
(A) Rationality and Role-specificity
(B) Role-specificity and Impersonality
(C) Impersonality and Rule-orientation
(D) Rationality and System of rules

54. The key themes of Minnowbrook Conference III, 2008 are :
(A) Value, Relevance, Equity and Change
(B) Transparency, Accountability and Decentralization
(C) Multi-disciplinary, Networked and Collaborative governance
(D) Merit, Neutrality and Impartiality

55. The Classical theory is chiefly concerned with :
1. Formal organisation
2. Open system
3. Principles of organisation
4. Separation between organisation and larger society outside

Choose the correct answer :
(A) Only 1, 3 and 4 are correct
(B) 1, 2, 3 and 4 are correct
(C) Only 2, 3 and 4 are correct
(D) Only 1, 2 and 4 are correct

56. "No superior can effectively supervise directly the work of more than five or, at the most, six subordinates whose work interlocks." Whose statement is this ?
(A) L.F. Urwick
(B) Henri Fayol
(C) Luther Gulick
(D) J.D. Mooney

57. Who of the following has described authority as the supreme coordinating power ?
(A) Karl Marx
(B) F.W. Riggs
(C) Max Weber
(D) J.D. Mooney

58. "Hierarchy consists in the universal application of the superior subordinate relationship through a number of levels of responsibility." Whose statement is this ?
(A) Henri Fayol
(B) Luther Gulick
(C) L.D. White
(D) Fred Riggs

59. Who considers organisation as a cooperative system ?
(A) Max Weber
(B) Chester Barnard
(C) Karl Marx
(D) Woodrow Wilson

60. "Public corporation is a public owned enterprise that has been chartered under Federal, State or Local Law for a particular business or financial purpose." Whose statement is this ?
(A) L.D. White
(B) F.M. Marx
(C) Marshall E. Dimock
(D) Ferrel Heady

61. 'कोन्ड्राटीएफ चक्र' की संकल्पना निम्नलिखित में से किसका स्पष्टीकरण देने का प्रयत्न करती है ?

(A) वैश्विक आर्थिक विकास

(B) राजनय की संभावित सफलता

(C) नारीवादी आन्दोलन का उदय

(D) अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था में युद्ध की ओर ले जाने वाली सामान्य प्रवृत्तियाँ

62. पश्चिम में, विशेष रूप से उदारवाद की एंग्लो-सैक्सन परंपरा में, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के अध्ययन के आदर्शवादी चरण का आरंभ निम्नलिखित में से किसके तुरंत बाद हुआ ?

(A) शीत युद्ध

(B) प्रथम विश्व युद्ध

(C) द्वितीय विश्व युद्ध

(D) आतंकवाद पर वैश्विक युद्ध

63. अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में निम्नलिखित में से कौन-सा एक युद्ध का प्रकार ***नहीं*** है ?

(A) आधिपत्यात्मक युद्ध

(B) संपूर्ण युद्ध

(C) व्यापक युद्ध

(D) सीमित युद्ध

64. "अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के अराजक शक्ति की राजनीति के जंगल से नियमित और शांतिपूर्ण मेलजोल वाले चिड़ियाघर में बदलने" की कल्पना किसने की थी ?

(A) इमैनुअल कांट

(B) नॉर्मन एंजेल

(C) वुडरो विल्सन

(D) रॉबर्ट केओहेन

65. 'डिप्लोमेसी ऑफ वायलेंस' (हिंसा की कूटनीति) की संकल्पना से कौन जुड़ा हुआ है ?

(A) स्टीफेन वॉल्ट

(B) जॉन मियर्सहाइमर

(C) थॉमस शेलिंग

(D) केनेथ वाल्ट्ज़

66. अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के अध्ययन के लिए यथार्थवादी दृष्टिकोण मानता है कि :

(A) शक्ति तथा हित के विषय-वस्तु स्थान तथा समय के साथ परिवर्तनशील है

(B) यथार्थवाद वैश्विक राजनीति में नैतिक सिद्धांत का पक्षधर है

(C) यथार्थवाद वैश्विक राजनीति में युद्ध की उपेक्षा करता है

(D) यथार्थवाद संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की निंदा करता है

67. 'बंदी की दुविधा' (PD) खेल का प्रयोग निम्नलिखित में से किसके बारे में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए किया जाता है ?

(A) शक्ति संतुलन में

(B) खतरे के संतुलन में

(C) शस्त्र दौड़ में

(D) सामूहिक सुरक्षा में

68. निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में नैतिकता पर बल देता है ?

(A) उदारवादी

(B) आदर्शवादी

(C) नारीवादी

(D) संरचनावादी

69. 'वॉर एंड चेंज इन वर्ल्ड पॉलिटिक्स' पुस्तक किसने लिखी है ?

(A) हेनरी किसिंजर

(B) रॉबर्ट गिल्पिन

(C) ई.एच. कार

(D) केनेथ वाल्ट्ज़

61. The concept of 'Kondratieff Cycles' seeks to explain which of the following ?
(A) Global economic development
(B) Probable success of diplomacy
(C) Evolution of feminist movement
(D) General tendencies towards war in international system

62. In the West, especially in the Anglo-Saxon tradition of liberalism, the idealist phase of International Relations studies started immediately after which of the following ?
(A) Cold War
(B) World War I
(C) World War II
(D) Global War on Terrorism

63. Which of the following is *not* a type of war in international politics ?
(A) Hegemonic war
(B) Total war
(C) Comprehensive war
(D) Limited war

64. Who envisioned about "transforming international relations from a jungle of chaotic power politics to a zoo of regulated and peaceful intercourse" ?
(A) Immanuel Kant
(B) Norman Angell
(C) Woodrow Wilson
(D) Robert Keohane

65. Who is associated with the concept of 'Diplomacy of Violence' ?
(A) Stephen Walt
(B) John Mearsheimer
(C) Thomas Schelling
(D) Kenneth Waltz

66. The Realist Approach to the study of International Relations assumes that :
(A) Power and Interest are variable in content across space and time
(B) Realism favours moral principles in global politics
(C) Realism ignores war in global politics
(D) Realism condones international organisations like the United Nations

67. The game 'Prisoner's Dilemma' (PD) has been used to gain insight into which of the following ?
(A) Balance of Power
(B) Balance of Threat
(C) Arms Race
(D) Collective Security

68. Which of the following theories lays emphasis on morality in international politics ?
(A) Liberal
(B) Idealist
(C) Feminist
(D) Constructivist

69. Who has authored the book 'War and Change in World Politics' ?
(A) Henry Kissinger
(B) Robert Gilpin
(C) E.H. Carr
(D) Kenneth Waltz

70. "प्रशासन तथा वित्त को एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। प्रत्येक प्रशासनिक कार्य का आर्थिक पहलू होता है, जो उससे वैसे ही अपृथक्करणीय होता है जैसे कि मनुष्य और उसकी छाया।" यह कथन किसका है ?

(A) लॉयड जॉर्ज
(B) विलोबी
(C) एल.डी. व्हाइट
(D) मॉर्स्टीन मार्क्स

71. निम्नलिखित में से कौन-सी एक मैक्स वेबर के नौकरशाही प्रतिमान की विशेषता *नहीं* है ?

(A) आधिकारिक कार्य आवश्यकता के आधार पर निष्पादित होते हैं।
(B) प्रशासकीय इकाई निश्चित नियमों के अनुरूप कार्य करती है।
(C) अधिकारियों को अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु समुचित प्राधिकार दिए जाते हैं।
(D) कार्यालय सार्वजनिक सम्पत्ति होते हैं।

72. निम्नलिखित में से कौन-सा बजट का एक प्रत्यक्ष कार्य *नहीं* है ?

(A) आर्थिक वृद्धि को बढ़ाना
(B) आर्थिक असमानता का शमन
(C) निवेश को प्रोत्साहन
(D) नागरिकों की आय को बढ़ाना

73. मैक्स वेबर के अनुसार, नौकरशाही नियुक्त अधिकारियों की एक प्रशासनिक इकाई है :

(A) जिसमें निर्वाचित लोग बाहर रहते हैं
(B) जिसमें निर्वाचित लोग सम्मिलित रहते हैं
(C) जो निर्वाचित लोगों के अधीनस्थ रहते हैं
(D) जो निर्वाचित लोगों का अधिक्रमण करती है

74. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है ?

(A) नेतृत्व का आकस्मिक सिद्धांत – विक्टर व्रूम
(B) नेतृत्व का जीवन चक्र उपागम – ब्लेक व माउटन
(C) नेतृत्व का पथ-लक्ष्य सिद्धांत – मार्टिन इवांस व रॉबर्ट हाउस
(D) प्रबंधकीय ग्रिड – हर्सी व ब्लैंचर्ड

75. वर्ष 1989 के विश्व बैंक दस्तावेज के अनुसार, निम्नलिखित में से किसे सुशासन का एक प्रमुख आयाम *नहीं* माना गया है ?

(A) सार्वजनिक क्षेत्र प्रबंधन
(B) उत्तरदायित्व
(C) कार्यक्षमता
(D) सूचना एवं पारदर्शिता

76. भारत में संविधान सभा के गठन के दौरान संचालन समिति के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) जवाहरलाल नेहरू
(B) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(C) डॉ. बी.आर. अंबेडकर
(D) सरदार वल्लभभाई पटेल

77. निम्नलिखित में से किस आयोग ने लोकपाल के विचार की अनुशंसा की थी ?

(A) राज्य पुनर्गठन आयोग
(B) प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग
(C) द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग
(D) सरकारिया आयोग

78. 1962 में गठित भ्रष्टाचार निवारण समिति के प्रमुख निम्नलिखित में से कौन थे ?

(A) जे.बी. कृपलानी
(B) के. सन्थानम
(C) आर.एस. सरकारिया
(D) विवियन बोस

70. "Finance and administration cannot be divorced. Every administrative act has its financial implications as man and his shadow." This statement is given by :

(A) Lloyd George

(B) Willoughby

(C) L.D. White

(D) Morstein Marx

71. Which of the following is ***not*** a characteristic of Weberian model of bureaucracy ?

(A) Official business is conducted need-based.

(B) The administrative agency functions in accordance with prescribed rules.

(C) Officials are given matching authority to carry out their responsibilities.

(D) Offices are the property of the public.

72. Which of the following is ***not*** a direct function of budget ?

(A) Promoting economic growth

(B) Mitigating economic inequality

(C) Encouraging investment

(D) Increasing income of the citizens

73. According to Max Weber, bureaucracy is an administrative body of appointed officials :

(A) excluding the elected ones

(B) including the elected ones

(C) subordinate to the elected ones

(D) superseding the elected ones

74. Which of the following pairs is correctly matched ?

(A) Contingency Theory of Leadership – Victor Vroom

(B) Life Cycle Approach to Leadership – Blake and Mouton

(C) Path-Goal Theory of Leadership – Martin Evans and Robert House

(D) Managerial Grid – Hersey and Blanchard

75. According to the 1989's World Bank document, which of the following is ***not*** considered a key dimension of good governance ?

(A) Public Sector Management

(B) Accountability

(C) Efficiency

(D) Information and Transparency

76. Who was the President of the Steering Committee during the formation of the Constituent Assembly in India ?

(A) Jawaharlal Nehru

(B) Dr. Rajendra Prasad

(C) Dr. B.R. Ambedkar

(D) Sardar Vallabhbhai Patel

